
# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 13.09.2021 से 18.09.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मुख्यमंत्री गुजरात शपथ ग्रहण समारोह

(दिनांक 13.09.2021)

**विषय: मुख्यमंत्री गुजरात शपथ ग्रहण समारोह।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज अहमदाबाद में आयोजित गुजरात के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

## म्यूनिसपल कार्पोरेशन के मेयर के साथ बैठक


(दिनांक 14.09.2021)




**विषय: म्यूनिसपल कार्पोरेशन के मेयर के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने मेयर के साथ बैठक कर म्यूनसिपल कार्पोरेशन में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और उनमें आ रही दिक्कतों को जाना। इस अवसर पर निम्न निर्णय लिए गए।

- सभी नगर निकाय संस्थाओं के लिए एक कॉमन एक्ट बनाया जाएगा जो वर्तमान में आ रही दिक्कतों को दूर करेगा।
- हर कार्पोरेशन की अपनी एक विजिलेंस जांच कमेटी बनाई जाएगी जो भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों की जांच करेगी।
- कार्पोरेशन के अधिकारियों की ए.सी.पी भरने की कुछ पॉवर मेयर को भी दी जाएगी।
- सभी कार्पोरेशन के कार्यो के प्रचार–प्रसार के लिए डी.पी.आर से संबंधित एक व्यक्ति को लगाया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- अतिक्रमण हटाने के लिए गाड़ी और पुलिस के कुछ कर्मचारियों की डयूटी नियमित रूप से कार्पोरेशन के साथ लगाई जाएगी जो सिर्फ इसी काम को देखेंगे।
- गर्वनमेंट डिर्पाटमेंट पर कार्पोरेशन के बकाया टैक्स को अब सीधे विभागों के बजट से ही काट कर कार्पोरेशन को दे दिया जाएगा।
- कार्पोरेशन की मीटिंग में आने वाले एजेंडा को पहले कानूनी रूप से जांचा जाएगा ताकि बाद में उसे लागू करने में कोई दिक्कत न आए।
- कार्पोरेशन में काम करने वाले कुछ कर्मचारियों के आंतरिक ट्रांसफर की कुछ शक्तियां मेयर को भी दी जाएंगी।
- 1200 कालोनियों को रेगूलराइज करने का काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने टैक्स कलेक्शन की व्यवस्था को ठीक करने और सभी कार्पोरेशन को स्वायत्ता की ओर बढ़ने का भी आदेश दिया।

## बीजेपी जिला अध्यक्षों के साथ बैठक

(दिनांक 14.09.2021)



**विषय: बीजेपी जिला अध्यक्षों के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी जिला अध्यक्षों के साथ चण्डीगढ़ स्थित अपने निवास पर बैठक की जिसमें पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश धनकड़ जी और संगठन मंत्री श्री रविन्द्र राजू जी भी मौजूद थे।

उक्त बैठक में कई मइत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें :–

- माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को 'सेवा और समर्पण' कार्यक्रम के रूप में मनाने।
- हरियाणा प्रदेश में बीजेपी सरकार के 7 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में '7 साल बेमिसाल' के तहत सरकार की 7 सबसे महत्वपूर्ण और जनहितकारी उपलब्धियों को जनता तक पहुचाने का निर्णय लिया।
- 25 सितंबर को आदरणीय पंडित दीनदयाल जी के जन्मदिवस को मनाने।
- परिवार पहचान पत्र के सर्वे के कार्यों में तेजी लाने सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने को लेकर विचार मंथन किया गया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पोलैंड के राजदूत से मुलाकात

(दिनांक 14.09.2021)






**विषय: पोलैंड के राजदूत से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पोलैंड के राजदूत ब्यूराकावेस्की से चण्डीगढ़ सचिवालय स्थित अपने ऑफिस में मुलाकात की। इस अवसर पर पोलैंड के राजदूत के साथ माननीय मुख्यमंत्री जी की व्यापार, कृषि, परिवार पहचान पत्र, स्पोटर्स, सास्कृतिक भागीदारी और शिक्षा से संबंधित मुद्दो पर चर्चा हुई। जिन पर पोलैंड के राजदतू ने हरियाणा के साथ काम करने और हरियाणा से पोलैंड के संबंधों को और भी मजबूत बनाने का प्रयास करने का वादा किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने पोलैंड के राजदूत को स्मृति चिन्ह के रूप में हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान और धरोहर 'गीता' भेंट कर हरियाण आने पर उनका धन्यवाद किया।


## बाजरा खरीद के संबंध में

(दिनांक 15.09.2021)

**विषय: बाजरा खरीद के संबंध में।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज आने वाले सीजन में बाजरे की खरीद को लेकर संबंधित सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें बाजरा, बुआई, पैदावार और खरीद से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि हरियाणा सरकार हरियाणा के किसानों का ही बाजरा खरीदेगी। राजस्थान और अन्य राज्यों से आने वाले बाजरे की कोई खरीद नहीं की जाएगी और हरियाणा के किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो इसका प्रयास किया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## परिवार पहचान पत्र

(दिनांक 15.09.2021)



**विषय: परिवार पहचान पत्र।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में परिवार पहचान पत्र की समीक्षा बैठक की गई जिसमें सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव और विभागाध्यक्ष भी मौजूद थे।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा की गई कि 1 नवंबर 2021 से सभी सरकारी सेवाएं और योजनाएं परिवार पहचान पत्र के माध्यम से दी जाएंगी।

इस अवसर पर सभी को परिवार पहचान पत्र के स्मार्ट कार्ड की भी जानकारी दी गई जिसके तहत हर परिवार का एक स्मार्ट कार्ड होगा जिसके जरिये वह कोई भी सरकारी सर्विस या योजना का लाभ कहीं से भी ले सकेगा उसे किसी सरकार कार्यालय जाने या आवेदन करने की आवश्यता नहीं होगी।

इस कार्ड को तैयार करने की रूपरेखा चल रही है जिसके मार्च 2022 तक पूरा होने की संभावना है।

## दिल्ली–मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग का अवलोकन


(दिनांक 16.09.2021)



**विषय: दिल्ली–मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग का अवलोकन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नीतिन गडकरी जी के साथ गुरूग्राम के सोहना उपमंडल के लाहेटकी गांव जाकर बन रहे दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस–वे का निरीक्षण किया।

यह एक्सप्रेस–वे भारत का सबसे लंगा राष्ट्रीय राजमार्ग होगा। जिसका 160 किलोमीटर का





हिस्सा हरियाणा से होकर गुजरता है। इस पूरे प्रोजेक्ट की कुल लागत लगभग 1 लाख करोड़ रूप्ये है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा के लिए कई अन्य परियोजनाओं जिसमें दिल्ली–जयपूर हाइवे, अंडरपास और फलाइओवर की मांग के साथ–2 पलवल–अलीगढ़ नेशनल हाइवे पर इंटरचेंज बनाने की मांग भी रखी। जिसे माननीय नीतिन गडकरी जी द्वारा स्वीकार कर लिया गया तथा साथ ही हरियाणा में चल रहे अन्य कार्यों की भी जानकारी दी जिसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री नीतिन गडकरी जी ने कहा कि मुंख्यमंत्री मनोहरलाल जी के नेतृत्व में हरियाणा चहुमुखी विकास कर रहा है और केन्द्र सरकार उनके इस कार्यों में पूरा साथ देकर हरियाणा के विकास में सहयोग करेगी।

## प्रधानमंत्री जी से मुलाकात

(दिनांक 16.09.2021)


**विषय: प्रधानमंत्री जी से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कुंडली से पलवल तक बनने वाले रेल ऑर्बिटल कॉरिडारे के शिलान्यास के लिए भी माननीय प्रधानमंत्री जी को आमंत्रित किया।



इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी को हरियाणा में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जिसमें परिवार पहचान पत्र, मेरा पानी मेरी विरासत, विवादों का समाधान जैसे कई विषय थे।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने किसान आंदोलन और करनाल की घटना पर भी माननीय प्रधानमंत्री जी को अवगत करवाया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन

(दिनांक 17.09.2021)

**विषय:** ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम में माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बीजेपी पार्टी की ओर से आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन किया और ब्लड डोनेट करने वाले नागरिकों को सर्टिफिकेट प्रदान किए।



## TDAS (रियल टाइम डाटा एक्विजिशन सिस्टम) का उद्घाटन


(दिनांक 18.09.2021)




**विषय:** TDAS (रियल टाइम डाटा एक्विजिशन सिस्टम) का उद्घाटन।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने RTDAS पोर्टल का उद्घाटन किया। इस पोर्टल के माध्यम से नहरों के पानी पर निगरानी रखी जा सकेगी और पानी की चोरी भी रोकी जा सकेगी।

इस तकनीक के माध्यम से पानी के उचित प्रबंधन के साथ–2 टेल तक पानी की उचित पहुंच सुनिष्चित की जा सकेगी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पानी समय की तरह ही कीमती है। यह विरासत है जो हमें अपनी अगली पीढ़ी को देकर जाना है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 2020 HCS बैच के साथ मुलाकात

(दिनांक 18.09.2021)



**विषय:** 2020 HCS बैच के साथ मुलाकात।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने 2020 के सभी 47 HCS अधिकारियों के साथ चण्डीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में मुलाकात की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी को कहा कि जिस प्रकार आप मेरिट और योग्यता के आधार पर लगे हैं उसी तरह आपको हरियाणा के विकास के लिए पूरी मेहनत और लगन से काम भी करना है।